सरकार श्याम की | by Mamta Bharti

श्याम प्यारे की है सरकार हमें डर काहे को
काहे को डर काहे को
नीले वाले की है सरकार हमें डर काहे को

धन दौलत और माल खज़ाना मुझको ना श्याम चाहिए
इस जीवन की एक ही इच्छा घर मेरे भी आइये
अपनों श्याम धणी है सरकार हमें डर काहे को
नीले वाले की है सरकार हमें डर काहे को

जो भी सेवा बनी है हमसे उसको तुम स्वीकार करो
दास तेरे दरबार खड़े हैं सर पे दया का हाथ धरो
बाबा सब पर लुटावे अपनों प्यार हमें डर काहे को
नीले वाले की है सरकार हमें डर काहे को

सेठों का तू सेठ कहाये लखदातार कहता है
द्वार पे जो भी रोता आये हँसता हँसता जाता है
पल में दुखियों की सुनले पुकार हमें डर काहे को
नीले वाले की है सरकार हमें डर काहे को

जिसको मिली है श्याम चाकरी वही तो किस्मत वाला है
पल में कष्ट मिटाये सबके यही वो खाटू वाला है
राज कहता है बारम्बार हमें डर काहे को
नीले वाले की है सरकार हमें डर काहे को

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%80-by-mamta-bharti/